N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट )
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0081 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 29/03/2025 20:02 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(2) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 25/03/2025 **Date To (दिनांक तक):** 28/03/2025

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 11:30 बजे **Time To (समय तक):** 17:30 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 29/03/2025 **Time (समय):** 18:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 003 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 29/03/2025 20:02:29 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 50 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** KARYALAY RAJAY KAR VIBHAG, RATANGARH CHURU

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):**

**District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** MUKESH SHREEMAAL

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** VIJAY SINGH SHREEMAAL

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1981 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | WARD NO 9 RAJALDESAR, CHURU, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | WARD NO 9 RAJALDESAR, CHURU, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** [redacted]

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MAHESH KUMAR | | पिता:RAJENDRA PRASAD | 1. SAHAYAK VANIJIYAK KAR,ADHIKARI RAJAY KAR VIBHAG,VARAT RATANGARH,CHURU,RAJASTH |
| 2 | NARENDRA SINGH | | पिता:PRAHLAD RAI | 1. HAAL KANISHATH VANIJIYAK KAR,ADHIKARI RAJAY KAR VIBHAG,VARAT RATANGARH,CHURU,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)
(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | एक लाख रुपये रिश्वती राशि आरोपीगण से बरामद की गई। | 1,00,000.00 |

10. Total value of property stolen(In Rs/-)
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ): 1,00,000.00

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

महोदय,

निवेदन है कि मै मुकेश श्रीमाल निवासी राजलदेसर हूं। मैनें फर्म मुकेश जनरल स्टोर राजलदेसर के नाम से फर्म का रजिस्ट्रेशन करवा रखा है जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर 08BIIPM8211J2Z0 है। मेरी फर्म का रजिस्ट्रेशन कैंसिल है। इसको चालू करवाने के लिए अथवा बकाया कॉम्पलाईंस करने के लिए STO नरेन्द्र ने मुझे फोन किया और कहा कि आपके भारी पेलेन्टी लग जायेगी आप अपने अकाउंटेट के साथ आकर आफिस में ACTO साहब महेश जी से मिलो और नरेन्द्र जी ने ACTO महेश जी से बात करवाई तो महेश जी ने कहा कि अगर पेनल्टी से बचना है तो मुझे तीन लाख रूपये खर्चे पानी के देने होगें। मैनें उनको कहा कि मैं मेरे अकाउंटेट से बात कर आपसे मिलने आता हूं। मै मेरे अकाउंटेट अनिरूद्ध को साथ लेकर आया हूं। ACTO महेश मेरे से खुलकर बात नहीं करेगा मेरे अकाउंटेट अनिरूद्ध से वह पैसे के लेन देन के बारे में खुलकर बात करेगा इसलिए मैं आगे की कार्यवाही करवाने के लिए अनिरूद्ध को अधिकृत करता हूं। मैं ACTO महेश व STO नरेन्द्र को मेरे जायज काम के लिए रिश्वत नहीं देकर रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं। श्रीमान से निवेदन है कि कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक 25.03.2025 प्रार्थी एसडी मुकेश श्रीमाल प्रो.मुकेश जनरल स्टोर राजलदेसर, एसडी अनिरुद्ध शर्मा [redacted]
कार्यवाही पुलिस दिनांक 23.05.2025 को वक्त 12.30 पीएम पर उपरोक्त रिपोर्ट श्री मुकेश श्रीमाल निवासी राजलदेसर जिला चूरू प्रोपराईटर मुकेश जनरल स्टोर राजलदेसर ने अपने सीए अनिरूद्ध निवासी चूरू के साथ हाजिर चौकी होकर उक्त रिपोर्ट पेश की, रिपोर्ट का अवलोकन किया। परिवादी मुकेश ने दरियाफ्त पर बताया कि मैं फर्म मुकेश जनरल स्टोर राजलदेसर का प्रोपराईटर हूं। मैनें 2020-21 के बाद मेरी फर्म का रिटर्न जमा नहीं करवाया है जिसके कारण मेरी फर्म बन्द हो गई है। अब मेरे पास सीटीओ कार्यालय रतनगढ से नरेन्द्र एसटीओ का फोन आया और उसने मेरी महेश एसीटीओ से बात करवाई। महेश जी ने मुझे कहा कि आपकी फर्म का आपने रिटर्न जमा नहीं करवाया है इसलिए आपके करीब 20 लाख रूपये की पेनेल्टी बन रही है आप अपने सीए को लेकर मेरे पास कार्यालय में मिलने के लिए आओ। अगर आप तीन लाख रूपये खर्चे पानी के करते हो तो मैं आपको रिटर्न फाईल करने के बारे में कोई रस्ता बता दूंगा। मेरा सीए अनिरूद्ध महेश जी व नरेन्द्र जी से बार बार मिलता रहता है तो वह मेरे सीए अनिरूद्ध से खुलकर बात कर लेगा। मै महेश जी व नरेन्द्र जी को तीन लाख रूपये रिश्वत के नही देकर उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूं। मेरी महेश जी व नरेन्द्र जी से किसी प्रकार की कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या रंजीश नहीं है और ना ही हमारा कोई आपस का उधार लेन-देन बकाया है। उक्त रिपोर्ट मै मेरे सीए से लिखवाकर उसको साथ लेकर लाया हूं तथा इस पर मेरे हस्ताक्षर हैं। परिवादी की रिपोर्ट एव मजीद दरयाफ्त से मामला रिश्वत मांगने का पाया जाता है फिर भी रिश्वती मांग का सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। सत्यापन उपरान्त जैसी भी स्थिति होगी तदानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। परिवादी श्री मुकेश कुमार को मांग सत्यापन करवाने के बारे में पुछा गया तो मुकेश कुमार व उसके सीए अनिरूद्ध ने बताया कि एक-दो दिन मे हम दोनो ही महेश कुमार व नरेन्द्र जी से बात करने सीटीओ कार्यालय रतनगढ जायेंगे तो आपको बता देगें। इस पर परिवादी मुकेश व सीए अनिरूद्ध को हिदायत कर रूखस्त दी गई। दिनांक 27.03.2025 को वक्त 11.30 एएम पर परिवादी मुकेश कुमार का सीए श्री अनिरूद्ध हाजिर चौकी आया और बताया कि मेरी मुकेश व श्री महेश जी सीटीओ से वार्ता हुई है आज बात करने के लिए कार्यालय रतनगढ में हमे बुलाया हैं। मुकेश अपने को रतनगढ में मिल जायेगा। इस पर मै उप अधीक्षक पुलिस मय श्री राजपाल सिंह हैड कानि व

बसन्त सिंह कानि तथा श्री अनरूद्ध सीए के जरिये सरकारी गाडी रवाना रतनगढ को हुआ। कार्यालय का डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर हमराह लिया गया। वक्त 12.40 पीएम पर मै उप अधीक्षक पुलिस हमराहियान के उपरोक्त अनुच्छेद का रवाना शुद्धा रतनगढ कस्बा से पहले बालाजी मंदिर के पास पंहुचा। पाबद शुद्धा परिवादी मुकेश हाजिर मिला। परिवादी ने बताया कि महेश जी अपने कार्यालय में ही बैठे है वहां जाकर मै व अनिरूद्ध जी उनसे रिश्वत के सम्बधं में बात कर लेगें। परिवादी ने बताया कि हो सकता है महेश जी संकोच वश मेरे से बात नही करें परन्तु मेरे सीए अनिरूद्ध जी से खुलकर सारी बाते कर लेगें। इस पर चौकी का डिजिटल वॉईस रिकॉर्डर चैक किया गया तो वॉईस रिकॉर्डर खाली है जिसमें पूर्व की कोई वार्ता रिकॉर्ड नही हैं। कानि बसन्त सिंह से परिवादी मुकेश कुमार व सीए अनिरूद्ध से आपस में परिचय करवाया गया। वॉईस रिकॉर्डर में नया मेमोरी कार्ड डालकर मेमोरी कार्ड को खाली होना सुनिश्चत किया जाकर परिवादी मुकेश के कहेनुसार सीए अनिरूद्ध को वॉईस रिकॉर्डर ऑपरेट करने की विधि समझा कर कानि श्री बसन्त सिंह को सुपुर्द कर हिदायत कर परिवादी मुकेश कुमार, सीए अनिरूद्ध व कानि बसन्त सिंह को रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता के लिए सीटीओ कार्यालय रतनगढ के लिए रवाना किया गया। मै उप अधीक्षक पुलिस, राजपाल हैड कानि सहित सरकारी गाडी में मुकीम रहा। वक्त 2.30 पीएम पर परिवादी मुकेश कुमार, अनिरूद्ध सीए व कानि बसन्त सिंह ने वापस मन् उप अधीक्षक पुलिस के पास आकर वार्ता का वॉईस रिकॉर्डर सुपुर्द कर सीए अनिरूद्ध ने बताया कि मै व मुकेश जी तथा बसन्त जी आपके पास से रवाना होकर सीटीओ कार्यालय रतनगढ के पास पंहुचे। बसन्त जी ने वॉईस रिकॉर्डर मुझे सुपुर्द कर वहीं रूक गये तथा मै व मुकेश जी सीटीओ कार्यालय में एसीटीओ महेश जी के कक्ष में जाकर बैठ गये। करीब 10 मिनट बाद महेश जी हमारे पास आये। हमने महेश जी से कार्य के सम्बध में बात की तो महेश जी ने कहा कि आपकी फर्म 2020-21 से चालु है जिसमें आपने आज तक रीटर्न नही भरे हैं। आपकी फर्म बंद पडी है इसको चालु करवाते हो तो पहला रास्ता यह है कि पैनल्टी वगैरा लग कर करीब 20 लाख रूपये लगेगें तथा दूसरा रास्ता यह है कि आप अपनी पत्नी के नाम दूसरी फर्म का पंजीयन करवा लो। आपका फर्म का सारा स्टॉक आपकी पत्नी की फर्म में स्थानान्तरण कर देगें परन्तु इसके लिए तीन पेटी मुझे देने होगे। तब मैने कहा कि देखो साहब यह तो बहुत ज्यादा है आपको हम दूसरा रास्ता अपनाने के लिए दो लाख रूपये खर्चे के दे सकते हैं। इस पर महेश जी एसीटीओ सहमत हो गये व कहा कि रूपये आज ही देने होगे। मैने कहा आज तो व्यवस्था नही है कल तक दे देगें। इस पर महेश जी एसीटीओ ने कहा कि कल जरूर दे देना। सीए अनिरूद्ध के द्वारा बताये गये उक्त तथ्यों की ताईद परिवादी मुकेश ने भी की व बताया कि उक्त सारी बातें महेश जी ने अनिरूद्ध जी से मेरे सामने ही की थी। परिवादी मुकेश एवं सीए अनिरूद्ध द्वारा बताये गये तथ्यों के अनुसार एसीटीओ महेश कुमार द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि होती है। वॉईस रिकार्डर में रिकार्ड वार्ता की आईन्दा चूरू पहुंच फर्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार की जायेगी। परिवादी मुकेश ने बताया कि वह रिश्वती राशि की व्यवस्था करने के लिए राजलदेसर जायेगा तथा कल सुबह चूरू आपसे सम्पर्क कर लेगा जिस पर परिवादी मुकेश को रतनगढ में रूखसत कर मैं उप अधीक्षक पुलिस सीए अनिरूद्ध हैडकानि0 राजपालसिंह व कानि0 बसन्त सिंह के बालाजी मन्दिर चूरू रोड रतनगढ से रवाना चूरू के लिए रवाना होकर वक्त 4.15 पीएम पर चूरू चौकी पहुंचा। सत्यापन वार्ता के वॉईस रिकार्डर को सुरक्षित रखा गया। आईन्दा परिवादी मुकेश व अनिरूद्ध के आने पर फर्द ट्रांसस्क्रिप्ट तैयार होगी। सीए अनिरूद्ध को आवश्यक निर्देश देकर रूखसत दी गई। दिनांक 28.03.2025 को 6.30 एएम पर परिवादी मुकेश श्रीमाल व उसका अकाउटेंट अनिरूद्ध हाजिर कार्यालय आये व परिवादी मुकेश श्रीमाल ने बताया कि मेरे से दो लाख रूपये की व्यवस्था नही हो पायी है सिर्फ एक लाख रूपये ही बन पाये हैं जो मै साथ लेकर आया हूं। मुकेश श्रीमाल व अनिरूद्ध दोनो ने बताया कि एसीटीओ साहब महेश जी एक बार तो एक लाख रूपये भी ले लेगें। वक्त 7.00 एएम पर परिवादीगण व आरोपी श्री महेश कुमार एसीटीओ के मध्य रिश्वती मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 27.03.2025 जो टेप रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड है को परिवादीगण के समक्ष जरिये कम्प्युटर सुन-सुन कर वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट तैयार की गई तथा रिकॉर्ड वार्ता की दो डीवीडी तैयार करवायी गई जिसमें से एक डीवीडी आरोपी के लिए कपडे की थैली में डालकर कर सील्ड कर मार्क क्रमश A-1 अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये तथा एक डीवीडी को खुला रखा गया। टेप रिकॉर्डर मे से मेमोरी कार्ड को निकाल कर मेमोरी कार्ड के कागज के रैपर में डालकर मेमोरी कार्ड को उसके रैपर सहित कपडे की थैली में डालकर कर सील्ड कर मार्क A अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये। वजह सबूत को श्री कृष्ण सिंह हैड कानि के मार्फत जमा मालखाना करवाया गया। वक्त 11.00 एएम पर पाबंद शुदा दो सरकारी गवाह श्री नरेश कुमार मीणा नर्सिंग अधिकारी, श्री रामनिवास गुजर नर्सिंग अधिकारी राजकीय डीबी अस्पताल चूरू हाजिर चोकी आये। आमदा दोनो कर्मचारियों को परिवादीगण के द्वारा करवाई जाने वाली ट्रेप कार्यवाही में स्वतन्त्र गवाह रहने बाबत पूछा तो दोनो गवाहान ने अपनी सहमति व्यक्त की। इस पर दोनो गवाहों को परिवादीगण से आपस में परिचय कराया गया। परिवादी की रिपोर्ट व सत्यापन वार्ता के तथ्यों से दोनो गवाहों को अवगत कराया गया, जिसे परिवादी ने सही होना बताया। वक्त 11.30 एएम पर गवाहान के समक्ष परिवादी श्री मुकेश कुमार ने अपने सीए अनिरूद्ध के समक्ष मन् उप अधीक्षक पुलिस के निर्देश पर रिश्वत में दिये जाने वाले एक लाख रूपये (पांच-पांच सौ के दौ सौ नोट) भारतीय मुद्रा के पेष किये जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः- 1- एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8GV925820 2- एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8VN561044 3- एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5WS254014 4-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2PA125145 5-एक पांच सौ रूपये का

नोट नम्बर 9SA412002 6-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9DB131021 7-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1AV666723 8-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2CV887623 9-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1PS584405 10-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5QN699640 11-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4FR801597 12-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2MH908796 13-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9KV999734 14-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7TE397605 15-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8AM841503 16-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7VQ956551 17-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8TS911698 18-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7EM424750 19-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1RL554282 20-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5BH761515 21-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8EF655720 22-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1LK867422 23-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9NC124462 24-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5RL944529 25-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5RL944531 26-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5CL441313 27-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9TR780706 28-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3UT058543 29-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0VC053507 30-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5DR002764 31-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4FQ803382 32-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1WQ796911 33-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1WQ796912 34-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1WQ796913 35-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9DA273569 36-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3NK555024 37-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3NK555025 38-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3NK555026 39-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3NK555027 40-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5HF047036 41-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5EL949007 42-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1PQ214953 43-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4QQ650931 44-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1ML521066 45-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0VH576925 46-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9DF939055 47-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6EE209643 48-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4BE931681 49-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3MC599512 50-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2CQ178996 51-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1UR601243 52-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4DT920712 53-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3CW585063 54-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1UB759980 55-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5AV763964 56-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9EE165367 57-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9DU669517 58-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0ME359532 59-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4QR059299 60-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2BN922983 61-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2UP152857 62-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9DT349009 63-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3NU691640 64-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0WR328080 65-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8LD800716 66-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5AP225345 67-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7SL892178 68-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1HQ943118 69-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1SD989682 70-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9FT426278 71-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9GK290675 72-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5HK023012 73-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0DV503658 74-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7RV443231 75-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3UF326400 76-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3TN830978 77-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7AB539328 78-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4PR137732 79-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4EU371882 80-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2RH370981 81-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7PW056614 82-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0CW276276 83-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5LK520488 84-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6GR929016 85-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9PP460959 86-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0DB941249 87-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7US826430 88-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4AR998960 89-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9HV928925 90-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2WE960263 91-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7PA398253 92-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8FF008502 93-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3ET714219 94-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2PL896598 95-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0FL501981 96-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8SH341104 97-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3AS566065 98-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5WN466209 99-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9AA043408 100-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0GU810665 101-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0HW164594 102-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3DT973318 103-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8MU160286 104-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर

7HS690134 105-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3PP892937 106-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
5FG641119 107-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2DG566459 108-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
5RG549838 109-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7RD595501 110-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8EN241151 111-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2LC373823 112-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2WT398841 113-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5GG029548 114-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8PP501822 115-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9CR430689 116-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
1VW276976 117-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7FG576483 118-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3FK924915 119-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7VG224022 120-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2NA282816 121-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9BL439634 122-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
4DT937516 123-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8GT620759 124-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
9BA208105 125-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0RD960414 126-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2MV880243 127-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0BR799164 128-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
5MA596351 129-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7CT166521 130-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8GH757106 131-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1HD590110 132-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
5HR244782 133-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1FG668220 134-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8TT089646 135-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5FD057715 136-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8AA690653 137-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1FF958464 138-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
4CN840427 139-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 1CV101571 140-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
1TU717192 141-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2DW959288 142-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2RW120072 143-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9FM539689 144-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
0HS577289 145-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4BM973882 146-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3PN534546 147-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9PF739147 148-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3VP737483 149-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6RV964487 150-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
6UT583711 151-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3MF613402 152-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2GN490415 153-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3FC736815 154-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
1DC565288 155-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7QV947134 156-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2GC344943 157-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0EB337336 158-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
1BB998954 159-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5QT443947 160-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
7MG766982 161-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2HR795262 162-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
4UQ767484 163-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0HS792696 164-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8FN754734 165-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6GK176824 166-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
9DE752618 167-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8EK670316 168-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
7FA383141 169-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 4PD621237 170-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
7ED028112 171-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3DN867980 172-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3QF843006 173-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6HL505825 174-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
8DG591390 175-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2ED737058 176-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
2UT275447 177-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5BB281079 178-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3AG583422 179-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 8WT298716 180-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
9VP773757 181-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 0ML360161 182-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
1DT214523 183-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7PL728625 184-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
3DQ539983 185-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 5KQ834983 186-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
7TC812824 187-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2AT384969 188-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
4GC663068 189-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 7PD109061 190-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
7BV990839 191-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2AR538570 192-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
6NR989453 193-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 9ES135281 194-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
0GC130575 195-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 6ST009876 196-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
5PS970346 197-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 2AP461703 198-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर
4AN676706 199-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर 3RT207760 200-एक पांच सौ रूपये का नोट नम्बर

5GA836972 को अखबार पर रखवाकर श्री ईसब अली उप निरीक्षक से फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री मुकेश ने कहा कि महेश जी एसीटीओ मेरे सीए अनिरूद्ध से ही रूपये का लेन देन करेगें इसलिए श्री अनिरूद्ध सीए की जामा तलाशी गवाह नरेश कुमार से लिवायी गई तो कोई आपतिजनक वस्तु नहीं पाई गई। रिश्वती राशि एक लाख रूपये सीए श्री अनिरूद्ध के पहनी पेंट की दांयी जेब में श्री ईसब अली उ0नि0 से रखवाये गये। सीए अनिरूद्ध को हिदायत की गई कि आरोपी एसीटीओ द्वारा रिश्वत की मांग करने पर उक्त पाउडर युक्त नोट उसे देवे। रिश्वत की राशि लेकर आरोपी कहां रखता है उसका ध्यान रखे व मुकेश के कार्य के सम्बधं में वार्ता करें। रिश्वत राशि लेन देन के पश्चात मन् उप अधीक्षक पुलिस को निर्धारित ईशारा करे। दोनो गवाहान को निर्देश दिये कि यथा सम्भव परिवादी के आस-पास रहकर रिश्वत के लेन-देन व इस बीच होने वाली वार्ता को क्रमश देखने व सुनने का प्रयास करे। तत्पश्चात एक साफ डिस्पोजल गिलास में साफ पानी भरवाया जाकर उसमें सोडीयम कार्बोनेट पाऊडर डालकर घोल बनाया गया तो पानी रंगहीन रहा। इस रंगहीन घोल में श्री ईसब अली उ0नि0 के हाथ की अंगुलियों को डूबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार परिवादीगण व गवाहान को फिनोल्फथलीन व सोडियम कार्बोनेट पाऊडर की रासायनिक प्रतिक्रिया का दृष्टांत देकर महत्व समझाया गया। गिलास के मिश्रण को बाहर फिंकवाया गया व डिस्पोजल गिलास तथा अखबार जिस पर रखकर नोटों पर फिनोल्फथलीन पाऊडर लगाया है, को जलाकर नष्ट किया गया। श्री ईसब अली के हाथ साबुन पानी से धुलवाये गये। फिनोफ्थलीन पाउडर की शिशी सुरक्षित रखवाई गई। नये डिस्पोजल गिलास ट्रेप बॉक्स में रखे गये। ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों/गवाहों के हाथ साबुन पानी से धुलवाये जाकर हिदायत मुनासिब की गई। सीए अनिरूद्ध को रिश्वत लेनदेन के समय होने वाली वार्ता को रिकार्ड करनें के लिए कार्यालय के वॉईस रिकार्डर में नया मेमोरी कार्ड डालकर, मेमोरी कार्ड व वॉईस रिकॉर्डर को खाली होना सुनिश्चित किया जाकर सुपूर्द किया गया। रिश्वत स्वीकृति के ईशारे के लिए अनिरूद्ध के पास उसका मोबाईल पास रहने दिया। उपरोक्त कार्यवाही की विस्तृत फर्द पेसकसी, सुपुर्दगी नोट एवं दृष्टांत फिनोल्फथलीन पाऊडर अलग से तैयार कर शामिल पत्रावली की गई। वक्त 11.55 एएम पर परिवादी मुकेश श्रीमाल ने बताया कि महेश कुमार के पास लेन-देन के समय मै नही जाकर मेरा सीए अकेला ही जायेगा। जिस पर मुकेश श्रीमाल को बाद आवश्यक हिदायत रूखस्त दी गई तथा उप अधीक्षक पुलिस, परिवादी अनिरूद्ध शर्मा मय स्वतन्त्र गवाह श्री नरेश कुमार व श्री रामनिवास गुर्जर तथा चूरू चौकी का जाप्ता सर्वश्री महेन्द्र कुमार पु0नि0, गिरधारी सिंह उप निरीक्षक, राजपाल सिंह, आबिद खान व कृष्ण सिंह हैड कानिगण व राजकुमार कुमार, बसन्त सिंह, कानिगण के ट्रेप बॉक्स, लैप टॉप, प्रिन्टर ईत्यादि हमराह लेकर सरकारी वाहन मय चालक सुरेन्द्र कुमार तथा निजी वाहन के वास्ते करने ट्रेप कार्यवाही चूरू से रवाना रतनगढ के लिए हुआ । श्री इस्ब अली उ0नि0 को बाद आवश्यक हिदायत चौकी पर छोडा गया वक्त 12.40 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस, दोनो परिवादीगण मय दोनो गवाहों व चौकी के जाप्ते सहित जरिये वाहनों के रतनगढ कस्बे से पहले बालाजी मंदिर के पास पंहुच गाडियों को साईड में रूकवाया गया। परिवादी अनिरूद्ध शर्मा को आरोपी से सम्पर्क करने के लिए उसके कार्यालय की तरफ पैदल-पैदल रवाना किया गया तथा परिवादी के पीछे-पीछे श्री बसन्त सिंह कानि रवाना किया गया तथा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के अपनी उपस्थिति छुपाते हुऐ आस-पास परिवादी के ईशारे के इंतजार में मुकीम हुआ। वक्त 01.55 पीएम पर गवाहान के समक्ष परिवादी श्री अनिरूद्ध शर्मा ने मन् उप अधीक्षक पुलिस को रिश्वत स्वीकृति का निर्धारित ईशारा वक्त 01.46 पीएम पर अपने मोबाईल से कॉल करने पर मैं उप अधीक्षक पुलिस दोनों गवाहान मय ट्रेप दल सदस्यो के चूरू रोड स्थित बालाजी मंदिर से रतनगढ कस्बा की तरफ रवाना होकर मुख्य सडक पर गर्ल्स कॉलेज से पहले वाणिज्यिक कर विभाग के सामने पंहुच गाडियों को खडा कर मै उप अधीक्षक पुलिस सीटीओ रतनगढ कार्यालय के मुख्य द्वार में प्रवेश किया तो खुली जगह के आगे सामने एक कमरे में परिवादी अनिरूद्ध शर्मा बैठा दिखाई दिया इस पर इस कक्ष में जाने के लिए सीढीयां चढे तो सामने से एक व्यक्ति आखों पर चस्मा लगाये कमरा नम्बर 5 के गेट पर खडा मिला। परिवादी अनिरूद्ध शर्मा ने वॉईस रिकॉर्डर मन् उप अधीक्षक को पेश कर बताया कि सामने कुर्सी पर श्री महेश कुमार एसीटीओ जी बैठे है तथा गेट में खडे व्यक्ति के लिए बताया कि यह श्री नरेन्द्र सिंह जेसीटीओं हैं। दोनो अधिकारी इसी कमरे में बैठते हैं। आज मै इनके पास कार्यालय में आया तो नरेन्द्र जी बैठे मिले। हम दोनो आपस में बांते कर रहे थे। करीब 15 मिनट बाद महेश जी एसीटीओ हमारे पास कमरे में आये व अपनी कुर्सी पर बैठ गये। मैने मुकेश श्रीमाल की फर्म के सम्बधं में वार्ता की तो महेश जी ने मेरे को रूपयो बाबत ईशारा किया तो मैने अपनी पेंट की दाहीनी जेब में रखी रिश्वत राशि एक लाख रूपये निकाल कर महेश जी की तरफ किये तो महेश जी ने मेरे से रूपये लेकर पास की कुर्सी पर बैठे नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ को दिये व कहा कि इनको इस कमरे से बाहर रख दो। जिस पर श्री नरेन्द्र सिंह ने महेश जी से रूपये लेकर एक कैरी बैग में डालकर बैग को फोल्ड कर अपनी पहनी पेन्ट के बैल्ट के नीचे दबा लिये। इस पर मैने आपको फोन पर निर्धारित ईशारा कर दिया। परिवादी द्वारा बताये गये दोनो व्यक्तियों को मन् उप अधीक्षक पुलिस ने अपना परिचय देकर इसका परिचय पूछा तो दोनो व्यक्ति एकदम से घबरा गये व सामने कुर्सी पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम श्री महेश कुमार सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी व गेट पर खडे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम श्री नरेन्द्र सिंह कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी कार्यालय वाणिज्यिक कर अधिकारी वृत रतनगढ जिला चूरू होना बताया। इस पर महेश कुमार एसीटीओ को अनिरूद्ध शर्मा से एक लाख रूपये रिश्वत लेने के बारे में पुछा तो महेश कुमार चुप रहा तथा फिर सोच कर बताया कि अनिरूद्ध को मै जानता हू यह सैल्स टैक्स के रिटर्न्स भरवाने

के लिए आता रहता हैं। मैने आज इससे कोई रूपये नही लिये हैं। श्री नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ ने पूछने पर बताया कि अनिरूद्ध को मै जानता हूँ यह मेरे पास कार्यालय में आता रहता हैं। मैने आज अनिरूद्ध से उधार रूपये लिये हैं। इस पर हाजिर परिवादी अनिरूद्ध ने स्वतः ही बताया कि महेश जी व नरेन्द्र जी झूठ बोल रहे हैं। राजलदेसर का मुकेश श्रीमाल जो मेरा कलाईन्ट है। उसने राजलदेसर में फर्म मुकेश जनरल स्टोर द्वारा अपने रीटर्न्स पेश नही करने पर दोनो अधिकारियों द्वारा मुकेश को बुलाया गया। कल दिनांक 27.03.2025 को मुकेश मुझे साथ लेकर यहां कार्यालय में आया तो महेश जी ने नरेन्द्र सिंह के सामने उसकी फर्म को डिफाल्टर नही करने के लिए तीन लाख रूपये रिश्वत के मांगे थें। तब मैने कहा कि साहब रूपये ज्यादा हैं इस पर मेरे व मुकेश के निवेदन करने पर महेश जी दो लाख रूपये लेने के लिए सहमत हो गये। आज मैने मुकेश के कहे अनुसार उसके दिये हुऐ एक लाख रूपये लेकर इनके पास आया तो महेश जी ने ईशारा से रूपये मांगे तब मैने एक लाख रूपये रिश्वत के महेश जी को दिये तो इन्होने रूपये मेरे से लेकर पास बैठे नरेन्द्र सिंह जेसीटीओं को दे दिये। श्री नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ सोचकर बताया कि अनिरूद्ध जो बातें कह रहा है वह सही हैं। आरोपीगण के द्वारा परिवादी से रिश्वत लेने की पुष्टि होने पर मन् उप अधीक्षक पुलिस के निर्देश पर आरोपी महेश कुमार एसीटीओ का दायां व बांया हाथ क्रमश राजकुमार व आबिद खान ने तथा नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ का दायां व बांया हाथ क्रमश बसन्त सिंह व राजपाल सिंह ने कलाईयों से पकड लिया। श्री महेश कुमार एसीटीओ व श्री नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ को रिश्वत लेने का अपराध करने पर गिरफतारी करने के सम्बधं में दोनो को अवगत कराया गया। ट्रेप कार्यवाही के क्रम में दो साफ डिस्पॉजल गिलासो में साफ पानी भरकर इनमें एक-एक चमच्च सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार किया गया तो पानी रंगहीन रहा। एक गिलास के घोल में आरोपी श्री महेश कुमार एसीटीओ के दाहीने हाथ की अंगूलियों व अंगूठे को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का बहुत हल्का गुलाबी हो गया। गिलास के इस मिश्रण को कांच की दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर शिशियों को सीलचिट बंद कर मार्क MR1 MR2 अंकित कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शिशियों को कब्जा में लिया गया। दूसरे गिलास के रंगहीन घोल में आरोपी महेश कुमार एसीटीओ के बायें हाथ की अंगूलियों को ही डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग मटमैला हो गया। गिलास के इस मिश्रण को कांच की दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर शिशियों को सीलचिट बंद कर मार्क ML1 ML2 अंकित कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शिशियों को कब्जा में लिया गया। अन्य दो साफ डिस्पॉजल गिलासो में साफ पानी भरकर इनमें एक-एक चमच्च सोडियम कार्बोनेट पाउडर डालकर घोल तैयार किया गया तो पानी रंगहीन रहा। एक गिलास के घोल में आरोपी श्री नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ के दाहीने हाथ की अंगूलियों व अंगूठे को डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग मटमैला हो गया। गिलास के इस मिश्रण को कांच की दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर शिशियों को सीलचिट बंद कर मार्क NR1 NR2 अंकित कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शिशियों को कब्जा में लिया गया। दूसरे गिलास के रंगहीन घोल में आरोपी नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ के बायें हाथ की अंगूलियों को ही डुबोकर धुलवाया गया तो धोवन का रंग बहुत हल्का गुलाबी हो गया। गिलास के इस मिश्रण को कांच की दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर शिशियों को सीलचिट बंद कर मार्क NL1 NL2 अंकित कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शिशियों को कब्जा में लिया गया। मन् उप अधीक्षक पुलिस के निर्देश पर गवाह नरेश कुमार मीणा ने आरोपी श्री नरेन्द्र सिंह की पहनी शर्ट को उंचा किया तो पेंट के बैल्ट के नीचे एक पीले रंग का कैरी बैग मिला। उक्त कैरी बैग को निकाल कर गवाह ने बैग में देखा तो पांच सौ-पांच सौ रूपये के नोटो के दो बण्डल मिले। उक्त राशि को गवाह से निकलवा कर गिनवाया गया तो गवाह ने गिनकर कुल एक लाख रूपये होने बतायें। उक्त बरामद रिश्वत राशि के नोटो के नम्बर पूर्व में बनी फर्द पेशकसी एवं सुपुर्दगी में अंकित नोटो के नम्बरों से मिलान दोनो गवाहो से करवाया गया तो नोटो के नम्बर वहीं पाये गये। बरामद रिश्वत राशि के नोटो का विवरण फर्द में अंकित कर बरामद 1,00,000 रूपयों के नोटो को खुले कपडे में सील्ड कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर रिश्वत राशि को वास्ते वजह सबूत जप्त किया गया। रिश्वत राशि जिस कैरी बैग में रखी थी उस कैरी बैग को उल्टवा कर रिश्वती राशि रखे स्थान को सोडियम कार्बोनेट पाउडर युक्त घोल में डूबोकर धोवन लिया गया तो धोवन का रंग गुलाबी हो गया। गिलास के इस मिश्रण को दो साफ शिशियों में आधा-आधा डालकर शिशियों को सीलचिट बंद कर मार्क C1 C2 अंकित कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाकर शिशियों को कब्जा में लिया गया। रिश्वती राशि रखे कैरी बैग बरंग पीला को सुखाकर इस पर सम्बधितों के हस्ताक्षर करवाकर कैरी बैग को एक लिफाफे मे सील्ड कर मार्क C अंकित कर वास्ते वजह सबूत जप्त किया गया। श्री महेश कुमार एसीटीओ ने पूछने पर बताया कि फर्म मुकेश जनरल स्टोर राजलदेसर का उसके मालिक द्वारा दिनांक 07.01.2021 को पंजीकरण करवाया गया था। तत्पश्चात फर्म के रिटर्न्स कार्यालय में प्राप्त नही होने पर उक्त फर्म को दिनांक 31.05.2023 को स्वप्रेरणा से कैन्सिल कर दिया गया है जो वर्तमान तक निरस्त हैं। सीटीओ कार्यालय रतनगढ से आरोपी महेश कुमार द्वारा बताये अनुसार परिवादी की फर्म से सम्बंधित ऑन लाईन दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर शामिल पत्रावली की गई। उपरोक्त कार्यवाही की विस्तृत फर्द हाथ धुलाई एवं बरामदगी रिश्वत राशि पृथक से तैयार की गई। ट्रेप कार्यवाही में वजह सबूत सील्ड करने में प्रयुक्त पीतल की सील नम्बर-26 की नमूना सील फर्द अलग से तैयार कर सम्बंधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। श्री महेश कुमार एसीटीओ व नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ राज्य कर विभाग रतनगढ द्वारा परिवादी से रिश्वत लेने के आरोप में बाद आगाहा तमाम वाक्यात हस्ब कायदा जरिये फर्द गिरफतार किया गया। वक्त 6.30 पीएम पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो गवाहान, परिवादी अनिरूद्ध शर्मा व जाप्ता तथा

गिरफतार मुल्जिमान महेश कुमार, नरेन्द्र सिंह के तथा ट्रेप कार्यवाही के दौरान जप्त वजह सबूत हमराह लेकर जरिये सरकारी व निजी वाहन से रतनगढ से रवाना होकर 7.30 पीएम पर चौकी चूरू पंहुचा। ट्रेप कार्यवाही में जप्त वजह सबूत जरिये कृष्ण सिह प्रभारी मालखाना के जमा मालखाना कराये गये। वक्त 8.00 पीएम पर परिवादी व आरोपीगण महेश कुमार व नरेन्द्र सिंह के मध्य वक्त रिश्वत लेन-देन के समय हुई वार्ता जो वॉईस रिकॉर्डर के मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड है को परिवादी व गवाहान के समक्ष जरिये कम्प्युटर सुन-सुन कर वार्ता की फर्द ट्रांस्क्रिप्ट तैयार की गई तथा रिकॉर्ड वार्ता की दो डीवीडी तैयार करवायी गई जिसमें से एक डीवीडी आरोपी के लिए कपडे की थैली में डालकर कर सील्ड कर मार्क क्रमश B-1 अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये तथा एक डीवीडी को खुला रखा गया। वॉईस रिकॉर्डर मे से मेमोरी कार्ड को निकाल कर मेमोरी कार्ड के कागज के रैपर में डालकर कपडे की थैली में सील्ड कर मार्क B अंकित कर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये तथा मेमोरी कार्ड व डीवीडी पकैट को जमा मालखाना करवाया गया। कार्यवाही के दौरान वजह सबूत सील्ड करने में प्रयुक्त पीतल की सील नं. 26 को गवाहान के समक्ष नष्ट किया गया। उक्त ट्रेप में समय-समय पर की गई कार्यवाही का एक रनिंग नोट तैयार कर शामिल पत्रावली किया गया।

उपरोक्त ट्रेप कार्यवाही के समस्त तथ्यों से पाया गया कि श्री मुकेश श्रीमाल निवासी राजलदेसर जिला चूरू की कस्बा राजलदेसर में मुकेश जनरल स्टोर नामक फर्म हैं, जो राज्य कर विभाग रतनगढ जिला चूरू में दिनांक 07 जनवरी 2021 से पंजीकृत हैं। फर्म मालिक द्वारा वर्ष 2021-22 व 2022-23 के रिटर्न्स राज्य कर विभाग रतनगढ में प्रस्तुत नही करने के कारण दिनांक 31.05.2023 को स्वप्रेरणा से उक्त पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। आरोपी महेश कुमार व नरेन्द्र सिंह ने परिवादी मुकेश श्रीमाल से सम्पर्क कर कहा गया कि आपकी फर्म डिफाल्टर करेगें क्योकि आप द्वारा रिटर्न्स पेश नही किये गये हैं। इस पर परिवादी द्वारा अपने कर लेखाकार श्री अनिरूद्ध शर्मा के साथ आरोपीगण से सम्पर्क कर वार्ता की तो आरोपीगण द्वारा फर्म को डिफाल्टर नही करने एवं पुनः सक्रिय करने की एवज में अपने पद का दुरूपयोग करते हुऐ अपने वैद्य प्रारिश्रमिक से भिन्न दो लाख रूपये रिश्वत की मांग की गई तथा, मांग के अनुसरण में दिनांक 28.03.2025 को परिवादी मुकेश श्रीमाल के कर लेखाकार श्री अनिरूद्ध शर्मा से एक लाख रूपये रिश्वत के रतनगढ स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आरोपी महेश कुमार एसीटीओ द्वारा प्राप्त कर आरोपी नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ को रिश्वत राशि कार्यालय कक्ष से बाहर रखने के लिए दी गई जिस पर नरेन्द्र सिंह ने एक लाख रूपये एक कैरी बैग में डालकर अपने पास रख लिये। जिस पर श्री महेश कुमार एसीटीओ व नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ राज्य कर विभाग रतनगढ जिला चूरू को रंगे हाथों पकड़ा जाकर रिश्वत राशि आरोपी नरेन्द्र सिंह जेसीटीओ के कब्जे से बरामद की गई। श्री महेश कुमार सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी व श्री नरेन्द्र सिंह कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी राज्य कर विभाग रतनगढ जिला चूरू का उक्त कृत्य धारा 7 भ्र0नि0 अधिनियम 1988 (यथा संशेधन 2018) व धारा 61(2) बीएनएस 2023 में प्रथम दृष्ट्या अपराध घटित होना पाया जाता है।

अतः श्री महेश कुमार सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी व श्री नरेन्द्र सिंह कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी राज्य कर विभाग रतनगढ जिला चूरू के विरूद्ध उपरोक्त वर्णित धारा में अभियोग पंजीबद्ध करने हेतु बिना नंबरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्रीमान महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राज0 जयपुर की सेवामें प्रेषित की जा रही है। भवदीय (शब्बीर खान)उप अधीक्षक पुलिस,भ्र0नि0 ब्यूरो चूरू, .................कार्यवाही पुलिस.................प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री शब्बीर खान उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चुरू ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म धारा 7, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) व 61(2) बीएनएस 2023 में आरोपी 1. श्री महेश कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद जाति जाट उम्र 34 वर्ष निवासी खीचडों की ढाणी खूड जिला सीकर हाल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी राज्य कर विभाग वृत रतनगढ जिला चूरू, 2. श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रहलाद राय जाति मेघवाल उम्र 37 वर्ष निवासी झाझडियों की ढाणी पोस्ट छुउ पुलिस थाना गुढा गोडजी जिला झुन्झुनू हाल कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी राज्य कर विभाग वृत रतनगढ जिला चूरू के विरुद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार जारी की गई । उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री महावीर प्रसाद शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रनिब्यूरो चौकी-बीकानेर को मनोनित किया गया है । उक्त की रोजनामचाआम रपट संख्या 443 पर अंकित है (डॉ.प्यारे लाल शिवरान) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर । क्रमांक 474-77 दिनांक 29.03.2025 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-1. विशिष्ट न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम बीकानेर, 2. उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रनिब्यूरो जयपुर-तृतीय, रेंज बीकानेर 3.आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान, 4. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रनिब्यूरो चुरू । पुलिस अधीक्षक प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर ।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**
**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ):** MAHAVIR PRASAD SHARMA **Rank (पद):** अपर पुलिस अधीक्षक

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**
**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**
**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई।)**
**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Pyare Lal Shivran
Location: Rajasthan,IN
Date: 29/03/2025 20:...

**Name(नाम):** DR PYARE LAL SHIVRAN
**Rank (पद):** SP (Superintendant of Police)
**No(सं.):**

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

N.C.R.B/एन.सी.आर.बी

I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 07/05/1991 | | | | |
| 2 | Male | 07/10/1988 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)